Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to extend Purvanchal Express way to Baliya.

श्री भरत सिंह (बलिया): अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे शून्यकाल में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। मैं अपने क्षेत्र बलिया का एक बहुत ही ज्वलंत मुद्दा उठाना चाहता हूं। बलिया लोक सभा क्षेत्र पूरे उत्तर प्रदेश का सबसे पिछड़ा और गरीब इलाका है। समाजवादी पार्टी की सरकार के दौरान पूर्वांचल एक्सप्रैस वे की घोषणा तत्कालीन मुख्य मंत्री,...* ने की थी।

माननीय अध्यक्ष : नाम मत लीजिए, केवल पूर्व मुख्य मंत्री कहिए।

श्री भरत सिंह : उससे बलिया के लोगों में बहुत आशा जगी थी कि पूर्वांचल में एक्सप्रैस वे आएगा और बलिया का विकास होगा, उन्होंने उसको बीच में गाजीपुर तक रोक दिया। अभी 14 जुलाई प्रधान मंत्री जी ने आजमगढ़ से पूर्वांचल एक्सप्रैस वे का शिलान्यास किया। मैं कहना चाहता हूं कि बलिया आजादी की लड़ाई में सबसे अग्रणी रहा। मंगल पांडे बलिया के थे, लोक नायक जय प्रकाश जी बलिया के थे। इतनी शहादत देने वाले बलिया का नाम आजादी के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित है।

मैं आपके माध्यम से भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि बलिया के विकास के लिए जरूरी है कि पूर्वांचल एक्सप्रैस वे को लोक नायक जय प्रकाश जी की धरती से आगे तक बढ़ाया जाए। हमारा बलिया इतना पिछड़ा हुआ है कि वहां कोई चिकित्सालय भी नहीं है। इसके बनने से वहां का विकास बहुत तेजी से होगा।

HON. SPEAKER: Shri Bhairon Prasad Mishra, Shri Sharad Tripathi and Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shri Bharat Singh.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, आज हम लंच ऑवर नहीं करेंगे, क्योंकि आज एक महत्वपूर्ण बिल हमको चर्चा के लिए लेना है। महिलाओं एवं बच्चों के बारे में हम बार-बार चिंता प्रकट करते हैं, उन्हीं से संबंधित बिल आज हम लेने वाले हैं। अभी हम इस पर चर्चा शुरू करेंगे। मगर उसके पहले मैं कहना चाहूंगी कि नियम 377 के अधीन जो मामले

हैं, वे सभा-पटल पर रखे जाएंगे। जिन सदस्यों को नियम 377 के अधीन आज अनुमति दी गई है तथा वे सभा-पटल पर रखने के इच्छुक हैं तो वे बीस मिनट के भीतर मामले का पाठ व्यक्तिगत रूप से सभा-पटल पर भेज दें। उन्हीं मामलों को माना जाएगा, जो सभा-पटल पर रखे गए हैं, बाकी सबको व्यपगत माना जाएगा।